Title: Demand to provide additional financial aid to the state of Chhattisgarh to solve the severe drought in the State.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के नए विभाजित छत्तीसगढ़ राज्य में सूखे की स्थिति की ओर मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। नए छत्तीसगढ़ राज्य में 1598 गांवों में सूखा है, जिनको राहत देने के लिए 2000 करोड़ रुपए की आवश्यकता है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 37 प्रतिशत से भी कम अनवारी है, जबकि दस प्रतिशत से भी ज्यादा फसल कहीं पर नहीं है। मेरी सरकार से मांग है कि इन क्षेत्रों को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जाए। वहां की दयनीय स्थिति और भीषण अकाल की स्थिति की वजह से हजारों लोग रोज पलायन कर रहे हैं। वहां पीने के पानी की समस्या है, चारे की समस्या है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस क्षेत्र से लोगों के पलायन को रोकने के लिए 2000 करोड़ रुपए की व्यवस्था राज्य सरकार के लिए करे। फसल बीमा योजना की राशि की व्यवस्था की भी मैं मांग करता हूं।